# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या : पी॰आर॰............/2026**

**डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025–27 के पंजीकृत प्रशिक्षुओं का (i) मूल पंजीयन कार्ड एवं प्रशिक्षण सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष व सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र संस्थान के प्राचार्य द्वारा डाउनलोड कर विद्यार्थियों को प्राप्त कराने (ii) डी०एल०एड० परीक्षा वर्ष, 2026 के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं (iii) उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, डी०एल०एड० (फेस–टू–फेस) परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले संबंधित विद्यार्थियों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि डी०एल०एड० (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025–27 में नामांकित एवं पंजीकृत सभी विद्यार्थियों का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 87/2026 एवं पी०आर० 102/2026 के माध्यम से डमी पंजीयन कार्ड जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों का सुधार हेतु पर्याप्त अवसर दिया गया था।

2. उक्त के आलोक में संस्थान प्राचार्य के माध्यम से डमी पंजीयन कार्ड में किए गए ऑनलाइन त्रुटियों के सुधार एवं परिमार्जन के उपरान्त सत्र 2025–27 के विद्यार्थियों का **मूल पंजीयन कार्ड एवं सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष व सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष की डी०एल०एड० (फेस–टू–फेस) परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र** समिति के वेबसाइट **https://deled.biharboardonline.org/** पर अपलोड कर दिया गया है।

2.1. संस्थान के प्राचार्य समिति के उक्त वेबसाइट से **मूल पंजीयन कार्ड** एवं **परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र** डाउनलोड कर अपने संस्थान के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

2.2. परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र दो भागों यथा **खण्ड 'A' एवं खण्ड 'B'** में है। **खण्ड 'A'** में विद्यार्थियों के पंजीयन के विवरणों के आधार पर सभी आवश्यक सूचनाएँ पूर्व से अंकित (Pre-Filled) हैं। इस प्रकार इस खण्ड के किसी भी बिन्दु (बिन्दु संख्या 1 से 18) के अंकित विवरणों में विद्यार्थी द्वारा किसी भी प्रकार का कोई छेड़–छाड़/परिवर्तन नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा मात्र खण्ड **'B'** के बिन्दु 19 से 33 विवरणों को भरा जाएगा।

2.3 उक्त परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि संस्थान के प्राचार्य से पंजीयन कार्ड की मूल प्रति एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। तत्पश्चात् विद्यार्थी अपने पंजीयन कार्ड में अंकित विवरणों के अनुसार परीक्षा आवेदन प्रपत्र (मात्र **खण्ड 'B'**) भरकर **दो प्रति में अपने संस्थान के प्राचार्य के पास जमा करेंगे। इसमें से एक प्रति पर संस्थान के प्राचार्य अपना हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि अंकित करते हुए विद्यार्थियों को वापस कर देंगे, ताकि विद्यार्थियों के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन प्रपत्र की दूसरी प्रति संस्थान के प्राचार्य के पास संधारित रहेगा। संस्थान के प्राचार्य विद्यार्थियों द्वारा जमा किए गए परीक्षा आवेदन प्रपत्र में भरे गए विवरण को अपने संस्थान में** संधारित अभिलेख से भली–भाँति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गए विवरण सही है। तत्पश्चात **दिनांक 15.05.2026** से **22.05.2026** तक की अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरेंगे एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2.4. दो वर्षीय डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) पुनरीक्षित पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम के आधार पर सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष एवं सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष की निम्नांकित बाह्य विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी :–

<table>
<tr><th colspan="2">सत्र 2025–27 के प्रथम वर्ष के लिए बाह्य विषय/विषयों का विवरण</th><th colspan="4">सत्र 2024–26 के द्वितीय वर्ष के लिए बाह्य विषय/विषयों का विवरण</th></tr>
<tr><td>F-1</td><td>Understanding society, Education and Curriculum</td><td>S-1</td><td colspan="3">Education in Contemporary Indian Society</td></tr>
<tr><td>F-2</td><td>Childhood and the Development of Children</td><td>S-2</td><td colspan="3">Cognition, Learning and the Development of Children</td></tr>
<tr><td>F-3</td><td>Early Childhood Care and Education</td><td>S-4</td><td colspan="3">Towards Self-Understanding</td></tr>
<tr><td>F-4</td><td>School Culture, Change and Teacher Development</td><td>S-5</td><td colspan="3">Health, Yoga and Physical Education in School</td></tr>
<tr><td>F-5</td><td>Understanding Language and Early Language Development</td><td>S-6</td><td colspan="3">Pedagogy of English (Primary Level)</td></tr>
<tr><td>F-6</td><td>Gender and Inclusive Perspectives in Education</td><td>S-7</td><td colspan="3">Pedagogy of Mathematics-2 (Primary Level)</td></tr>
<tr><td>F-7</td><td>Pedagogy of Mathematics-1 (Primary Level)</td><td>S-8</td><td colspan="3">Pedagogy of Hindi-1 (Primary Level)</td></tr>
<tr><td>F-8</td><td>Pedagogy of Hindi-1 (Primary Level)</td><td rowspan="5">S-9</td><td colspan="3" rowspan="2">Pedagogy of anyone subject from Upper-primary level (class 6-8)</td></tr>
<tr><td>F-9</td><td>Proficiency in English</td></tr>
<tr><td>F-10</td><td>Pedagogy of Environmental Studies</td><td>A. Mathematics</td><td>D. English</td><td>G. Maithili</td></tr>
<tr><td>F-11</td><td>Art Integrated Education</td><td>B. Science</td><td>E. Hindi</td><td>H. Bangla</td></tr>
<tr><td>F-12</td><td>Information and Communication Technology in Education</td><td>C. Social Science</td><td>F. Sanskrit</td><td>I. Urdu</td></tr>
</table>

नोट : डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2022–24 के द्वितीय वर्ष, सत्र 2023–25 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा सत्र 2024–26 के प्रथम वर्ष की पूर्व आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होकर किसी विषय में **BACK** के साथ अनुतीर्ण परीक्षार्थी भी **BACK** विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं। साथ ही उक्त सत्र में पंजीकृत वैसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश आयोजित परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हों, तो ऐसे विद्यार्थी भी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं। जिन विद्यार्थी का निर्धारित अवधि में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र नहीं भरे जाएंगे, वे विद्यार्थी किसी भी स्थिति में परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे।


- डी॰एल॰एड॰ (फेस–टू–फेस) परीक्षा वर्ष, 2026 के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है :–

| मद | प्रथम वर्ष के लिए प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क | द्वितीय वर्ष के लिए प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क |
|---|---|---|
| • ऑनलाइन परीक्षा आवेदन शुल्क | 250/– | 250/– |
| • परीक्षा शुल्क | 100/– | 100/– |
| • विविध शुल्क | 800/– | 800/– |
| • प्राप्तांक फीस/अंक प्रपत्र शुल्क | 350/– | 350/– |
| • औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क | ——— | 125/– |
| **कुल** | **1500/–** | **1625/–** |

जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, प्रथमतः विद्यार्थियों के संख्या के आधार पर निर्धारित शुल्क शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जमा किया जाएगा। इसके उपरान्त ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएँगे।

3. **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने हेतु वेबसाइट पर लॉग–इन करने के संबंध में:–** ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु संस्थान के प्राचार्य स्वयं समिति द्वारा पूर्व से उपलब्ध कराए गए यूजर–आई॰डी॰ एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के वेबसाइट **https://deled.biharboardonline.org/** पर लॉग–इन करेंगे।

4. परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया :—




4.1 LOGIN प्रक्रिया :—

**Step-1 :** Click on website **https://deled.biharboardonline.org/**

**Step-2 :** Enter User Id and Password and Click on login

**Step-3 :** Click on **Download Exam Form menu** to download the pre-filled Form

**Step-4 :** Click on **Make Payment Menu** to make payment.

**Step-5 :** Once the payment is complete, the payment details will listed in **Payment List Menu.**
**If you have already paid the fee and status is not reflected in the portal then please click on verify payment button in the Payment List Menu.)**

**Step-6 :** After successful payment, Click on **Pending Exam Form Menu** to fill the application of students.

**Step-7 :** Once the form is submitted, Application will show in the **Completed Exam Forms Menu.**

**Step-8 :** Logout the portal.

5. **विद्यार्थी के मोबाइल नं., ई—मेल आई॰डी॰ एवं आधार नं॰ भरने के संबंध में** :— ऑनलाइन आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाइल नं., ई—मेल आई॰डी॰ एवं आधार नं॰ भरा जाना है। सभी विद्यार्थी द्वारा मोबाइल नं॰ एवं ई—मेल आई॰डी॰ भरा जाएगा, जिससे उन्हें समय—समय पर परीक्षा संबंधी अद्यतन जानकारी उनके मो॰ नं॰ एवं ई—मेल आई॰डी॰ पर मिलती रहेगी।

6. **विद्यार्थी के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** :—जिन विद्यार्थियों का दो वर्षीय **D.El.Ed. (Face to Face)** पाठ्यक्रम के **1st Year** एव **2nd Year Examination, 2026** में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है:—

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :—
Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो। (40—100KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।
Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm (approx. 60 % to 70%)
Background :- Plain White or Light Green

(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5 cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

7. **विद्यार्थियों से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन** :— उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् परीक्षा आवेदन प्रपत्र में भरा गया विद्यार्थी का विवरण अपलोड किए गए फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के साथ पूरा परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिखेगा, जिसकी जाँच करने एवं संस्थान अभिलेखों से मिलान करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरा जाएगा। भरे गए परीक्षा आवेदन प्रपत्र के सभी विवरणियों को सही—सही भरे जाने की पूर्ण जिम्मेवारी संस्थान प्राचार्य की होगी।

8. **परीक्षा शुल्क के भुगतान के संबंध में** :— परीक्षा शुल्क का भुगतान **HDFC Bank** एवं **Indian Bank** के किसी भी शाखा में **डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग/RTGS/NEFT** के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा शुल्क ऑनलाइन भुगतान के पश्चात 24 घंटे के अन्दर संस्थान के प्राचार्य जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे कि उनके बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं। खाता से राशि की निकासी के पश्चात समिति के खाता में शुल्क जमा नहीं रहने की स्थिति में संबंधित आवेदन को अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9. उपरोक्त के अनुसार **D.El.Ed. (Face to Face)** पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025—27 का **1st Year Examination, 2026** एवं प्रशिक्षण सत्र 2024—26 के **2nd Year Examination, 2026** में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थी अपने संस्थान के प्राचार्य से अनिवार्य रूप से निर्धारित समय तक सम्पर्क स्थापित कर अपना परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे। संस्थान के प्राचार्य समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए User ID एवं Password के माध्यम से निर्धारित अवधि के अन्तर्गत अचूक रूप से संबंधित विद्यार्थी का आवेदन ऑनलाइन जमा करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा विद्यार्थी का प्रवेश प्रत्र जारी नहीं किया जाएगा और विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिए जाएँगे।

10. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्प लाईन नं०: 0612-2232239, 9430429722 अथवा E-mail Id : bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

अतः उक्त के आलोक में सभी संबंधितों से अनुरोध है कि परीक्षा आवेदन ससमय भरने जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए **D.El.Ed. (Face to Face)** पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025–27 के **1st Year Examination, 2026** एवं प्रशिक्षण सत्र 2024–26 के **2nd Year Examination, 2026** में सम्मिलित होने वाले संस्थानों के प्रशिक्षुओं का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरे जाने एवं निर्धारित शुल्क जमा किए जाने की प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

14/5/26

**परीक्षा नियंत्रक (विविध),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : के०वि०–II/ 235 /2026 पटना, दिनांक : 14 / 05 /2026

प्रतिलिपिः 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

2. उप निदेशक आई॰टी॰ (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि विद्यार्थी, सम्बद्धता प्राप्त संस्थानों के प्राचार्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति को समिति के B.S.E.B. Mobile App पर भी डाल दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित आवश्यक कार्रवाई की जा सके।
3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. Project Manager, Antier Solutions Pvt. Ltd. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित के आलोक में निर्धारित किए गए समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।
5. निदेशक शैक्षणिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. शाखा प्रबंधक, HDFC Bank Limited, ग्राउंड और प्रथम तल, शिवहर सदन, पटना रेडियो स्टेशन के सामने, फेजर रोड, पटना तथा इंडियन बैंक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन परिसर, बुद्ध मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. वरीय प्रभारी पदाधिकारी भंडार (मा०), वित्त पदाधिकारी तथा मुख्य लेखा पदाधिकारी (मा0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. निदेशक, आई०टी०/परीक्षा नियंत्रक (मा०)/परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।
9. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/5/26

**परीक्षा नियंत्रक (विविध),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

14/05/2026